दिनांक–23.03.2024 समय–7.10एएम

<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>आकाशवाणी, भोपाल</u>
<u>प्रातःकालीन समाचार</u>

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भूटान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो से सम्मानित
- निर्वाचन आयोग ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए दो हजार से अधिक पर्यवेक्षकों की टीम की तैनात
- प्रदेश में अब तक कुल 16 अभ्यर्थियों द्वारा 21 नाम-निर्देशन पत्र दाखिल

**और**

- आईपीएल क्रिकेट के पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने चैलेंजर बैंगलोर को 6 विकेट से हराया

अब समाचार विस्तार से:–

**1.प्रधानमंत्री सर्वोच्च पुरस्कार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भूटान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, **ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो** से सम्मानित किया गया। भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने कल थिम्पू में प्रधानमंत्री को यह पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि यह उनके जीवन का बहुत बड़ा दिन है। उन्होंने कहा कि हर पुरस्कार अपने आप में विशेष होता है, परंतु जब दूसरे देश से पुरस्कार मिलता है तो इससे मालूम चलता है कि दोनों देश सही रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि यह सम्मान उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि भारत और 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। उन्होंने सभी भारतीयों की ओर से ये सम्मान स्वीकार किया।

**2.निर्वाचन आयोग-तयारी**

निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनावों की तैयारियों में लगा है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए आयोग ने दो हजार एक सौ पर्यवेक्षकों की टीम तैनात की है। यह पर्यवेक्षक देशभर में जिला चुनाव अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों पर निगरानी रखेंगे। इन पर्यवेक्षकों का प्राथमिक ध्यान चुनावी प्रक्रिया के दौरान जबरदस्ती, प्रलोभन या धमकी की किसी भी घटना को रोकना होगा। वे सुरक्षा बलों की तैनाती की निगरानी भी करेंगे । चुनाव कार्यवाही की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए, उन्हें कर्मियों और वोटिंग मशीनों की निगरानी भी सौंपी गई है। उन्हें मतदान केंद्रों का व्यापक भ्रमण करने का निर्देश दिया

गया है. यह चुनाव अवधि के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी संभावित चुनौतियों या मुद्दों का आकलन और समाधान करने के लिए किया जाएगा।

**3.मुंबई अदालत-प्रज्ञा**

मुंबई की एक विशेष अदालत ने 2008 मालेगांव विस्फोट मामले में भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर के खिलाफ पेशी पर हाजिर ना होने पर जारी जमानती वारंट रद्द कर दिया है। एक निजी अस्पताल में बीस मार्च को भर्ती प्रज्ञा सिंह वहां से छुट्टी मिलने के बाद अदालत में हाजिर हुईं जिसके बाद वारंट रद्द कर दिया गया। बयान दर्ज कराने की नियत तिथि पर पेश ना होने पर अदालत ने 11 मार्च को जमानती वारंट जारी किया था।

**4.परीक्षा आवेदन**

मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड की हाई स्कूल और हायर सेकण्डरी (उर्दू माध्यम) परीक्षा सत्र-2024 के लिये आवेदन-पत्र अधिकृत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से ऑनलाइन भरे जाने की तिथि 23 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। पूर्व में ऑनलाइन आवेदन 25 मार्च तक निर्धारित की गई थी। आवेदन-पत्र डाक द्वारा कार्यालय मदरसा बोर्ड में प्राप्त होने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है।

**5.वार्षिक महोत्सव**

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भोपाल परिसर में कल वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के पूर्व कुलपति पद्मश्री विभूषित प्रो. अभिराज राजेंद्र मिश्र थे। वार्षिक उत्सव का यह आयोजन दो दिन तक लगातार चला जिसमें प्रथम दिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छात्र छात्रओं द्वारा समूह नृत्य, समूह गायन, एकल गायन, कवितापाठ जैसे कार्यक्रम पेश किये गए। वार्षिक गतिविधियों में विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम के केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, प्राध्यापिकाओं एवं कार्यालय अधिकारी, कर्मचारियों को सम्मनित किया गया।

6.**कायाकल्प बड़वनी**

बड़वानी जिले में वर्ष 2023-24 में कायाकल्य फाइनल मूल्यांकन में जिला अस्पताल सहित 10 संस्थाओं ने क्वालीफाइ अवार्ड हासिल किया है। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के मूल्यांकन के लिए राज्य स्तरीय टीम द्वारा मूल्यांकन किया। जिसमे जिला अस्पताल को 3 लाख की राशि का अवार्ड दिया गया। इसक् अलावा, सामुदायिक स्वास्थय केंद्र बडौदा को एक लाख, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कराहल को एक लाख की राशि सहित अन्य संस्थानों को अवार्ड घोषित किया गया है।

**7.नाम-निर्देशन पत्र**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार पहले चरण के लिये नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। कल 22 मार्च को 10 अभ्यर्थियों ने 12 नाम-निर्देशन पत्र दाखिल किये। अधिसूचना जारी होने से लेकर अब तक कुल 16 अभ्यर्थियों द्वारा 21 नाम-निर्देशन पत्र भरे जा चुके हैं।

राजन ने बताया कि पहले चरण के लिये नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि बुधवार 27 मार्च है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा गुरुवार 28 मार्च को की जाएगी। नामांकन भर चुके अभ्यर्थी शनिवार 30 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। पहले चरण के लिए शुक्रवार 19 अप्रैल को मतदान होगा। मतगणना 4 जून को होगी।

**8.मतदाता जागरूकता**

प्रदेश में मतदाता जागरूकता के साथ साथ चुनावी तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कल राज्यस्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ और सोशल मीडिया प्रकोष्ठ का निरीक्षण किया। राजन ने फेसबुक और इंस्टाग्राम मे किये जा रहे प्रचार के व्यय की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं । मंडला में कल भाजपा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते ने नामांकन पत्र जमा किया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने जेल ग्राउंड के पास सभा को संबोधित किया।

**9.रेंडमाइजेशन संपन्न**

प्रदेश के 52 जिलों में प्रथम रेंडमाइजेशन पूरा हो गया है। 18 जिलों में ईवीएम की प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया कल संपन्न हुई। इससे पूर्व 21 मार्च को 34 जिलों में रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी की गई थी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनपुम राजन ने बताया कि ईवीएम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुई। ईवीएम को विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रख दिया गया है।

**10.आईपीएल**

17वें इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट के पहले मैच में पिछले विजेता चेन्नई सुपर किंग्स ने रॉयल चेलेंजर्स बैंगलोर को 6 विकेट से हरा दिया है। चेन्नई के एम ए चिदम्बरम स्टेडियम में रॉयल चेलेंजर्स बैंगलोर ने टॉस जीत कर पहले

बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवर में छह विकेट पर 173 रन बनाए। उसकी ओर से रचिन रविन्द्र ने 15 गेंदों में 37 रन और अनुज रावत ने 25 गेंदो में सर्वाधिक 48 रन की पारी खेली। चेन्नई सुपर किंग्स ने 174 रन का लक्ष्य 8 गेंद शेष रहते ही हासिल कर लिए। उसने 18 ओवर और चार गेंदों में चार विकेट पर 176 रन बनाए। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए मुस्तफिजुर रहमान ने केवल 29 रन देकर चार विकेट लिए। इससे पहले एम.ए. चिदम्बरम स्टेडियम में रंगारंग उद्‌घाटन समारोह के साथ आईपीएल की शुरुआत हुई।

आईपीएल में आज मोहाली में दिन में साढे तीन बजे पंजाब किंग्स का मुकाबला डेल्ही कैपिटल्स से और कोलकाता में शाम साढे सात बजे कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा।

**(11)14 करोड़ जब्त**

लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद पुलिस एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों द्‌वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश में 21 मार्च तक 14 करोड़ 22 लाख रूपये से अधिक मूल्य की विभिन्न सामग्रियाँ जब्त की गयी हैं। इनमें 3 लाख 11 हजार लीटर से अधिक मदिरा जब्त की गयी है। इसका मूल्य 4 करोड़ रूपये से ज्यादा है।इसी तरह 2 करोड़ 43 लाख मूल्य के 3 हजार 236 किलोग्राम ड्रग्स और 60 लाख रूपये मूल्य की अधिक कीमती धातुएँ जब्त की गई हैं।

अब कुछ चुनाव समाचार.....

- ग्वालियर संभाग कमिश्नर डॉ. सुदामा पी खाडे और आईजी चम्बल अरविन्द कुमार सक्सैना ने कल पोलिटेक्निक कॉलेज पहुंचकर स्ट्रॉंग रूम, पर्यवेक्षक कक्ष, बिजली एवं लाईट व्यवस्था, मतदान गणना, आगमन और निर्गम संबंधी जानकारी ली। उन्होंने चुनाव से संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष चुनाव कराए जाने के लिए दिशा निर्देश भी दिए।
- लोकसभा चुनाव को लेकर बैतूल के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि स्वामी की लिखित अनुमति के बिना संपत्ति विरूपण करने पर अर्थदंड की कार्रवाई की जाएगी। संपत्ति विरूपित करने वाले व्यक्ति अथवा संस्था पर एक हजार रूपए का दंड प्रावधानित किया है।
- रीवा जिले की कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने कल मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि 31 मार्च तक सभी मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प, छाया और अन्य व्यवस्थाओं की पूर्ति कराई जाएगी।

- मुरैना में होली के रंग-मतदान के संग थीम पर आधारित रैली का आयोजन किया गया। रैली में महिला मतदाताओं ने भाग लिया। महिला मतदाताओं के मध्य में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं उन्हें मतदान करने की शपथ दिलाई गई।
- बैतूल में कल विश्व जल दिवस के अवसर पर मतदाता जागरूकता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। भाषण प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता और फ्लावर डेकोरेशन का आयोजन भी किया गया।

---